IV-3

प्रश्न–पुस्तिका
चतुर्थ सेमेस्टर–2022
तृतीय प्रश्न–पत्र
(विज्ञान)

[पूर्णांक : 25

समय : 1:00 घण्टा]

निर्देश:

1. सभी प्रश्न अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गए हैं।
2. इस प्रश्न–पत्र मे तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नो के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. विद्युत धारा का मात्रक होता है– 1

(1) कूलॉम

(2) वोल्ट

(3) एम्पियर

(4) सेकेण्ड

2. किस सेल को पुनः आवेशित किया जा सकता है– 1

(1) शुष्क सेल

(2) सीसा संचायक सेल

(3) वोल्टीय सेल

(4) डेनियल सेल

3. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है– 1

(1) चुम्बक के समान ध्रुवों में आकर्षण होता है

(2) पृथ्वी चुम्बक की भांति व्यवहार करती है

(3) चुम्बक के विपरीत ध्रुवों में प्रतिकर्षण होता है

(4) चुम्बक का निश्चित परीक्षण प्रतिकर्षण से होता है।

4. सही खाद्य श्रृंखला पर निशान लगाएं –

(1) घास–गाय–हिरन–भैंस

(2) घास–भेड़िया–हिरन–शेर

(3) घास–कीड़ा–चिड़िया–साँप

(4) घास–साँप–कीड़ा–हिरन

5. आवर्त सारणी में हीलियम का स्थान है– 1

(1) ऊपर बायीं ओर

(2) नीचे बायीं ओर

(3) नीचे दायीं ओर

(4) ऊपर दायीं ओर

https://www.upboardonline.com

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

6. चुम्बक के कोई दो उपयोग लिखिए।

7. आकाशीय बिजली गिरने पर पहले चमक दिखाई देती है फिर गरज सुनाई देती है, क्यों?

8. मनुष्य के किन्हीं चार अवशेषी अंगों के नाम लिखिए।

9. खाद्य जाल को समझाइये।

10. किसी चालक के सिरों का विभवान्तर 8 वोल्ट है तथा उसमें 2 एम्पियर की धारा प्रवाहित हो रही चालक का प्रतिरोध ज्ञात करिए।

11. **धातुकर्म किसे कहते हैं? धातुकर्म के विभिन्न चरणों के नाम लिखिए।**

लघु उत्तरीय प्रश्न

12. विद्युत धारा के खतरों से बचाव के लिए कौन-कौन सी सावधानियां अपनानी चाहिए।

13. मनुष्य में कितने प्रकार के रुधिर वर्ग पाए जाते हैं? सर्वदाता एवं सर्वग्राही रुधिर वर्गों के नाम लिखि रुधिर वर्ग की खोज करने वाले वैज्ञानिक का नाम लिखिए।

14. धातु अधातु में अन्तर लिखिए।

15. भिन्न-भिन्न प्रकार की ऊर्जा का विद्युत ऊर्जा में रूपान्तरण किस प्रकार किया जाता है?

16. वोल्टीय सेल का नामांकित चित्र बनाइये।

17. प्राथमिक उपचार से क्या अभिप्राय है? प्राथमिक चिकित्सा के लिए आवश्यक सामग्री अथवा वस्तुओं के ना लिखिए। 2

18. हेपेटाइटिस के लक्षण क्या हैं? यह किस कारण से होता है? 2

https://www.upboardonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से